are being made to secure additional quotas of copper on the basis of the requirments.

**हिन्दी संस्थाओं को अनुदान**

5540. श्री यशपाल सिंह :
श्री प्रिय गुप्त :
श्री रमापति राव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दी संस्थाओं को अनुदान देने के मामले में वित्त मंत्रालय की मंजूरी ली जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या मंत्रालय समान आधार पर ऐसे अनुदान मंजूर करता है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) से (ग). वित्त मंत्रालय द्वारा स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत हिन्दी के प्रचार और विकास के लिए शिक्षा मंत्रालय हिन्दी संस्थाओं को अपने ही अधिकारों से, समान दर पर, अनुदान देता है । जो प्रस्ताव स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत नहीं आते उन्हें इस मंत्रालय के पास भेजा जाता है और हर एक मामले के गुण-दोष के आधार पर उसकी जांच की जाती है ।

**Kerala N.G.Os.**

5540-A. **Shri Vasudevan Nair**: Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) whether the N.G.O's associations in Kerala state have decided to go on strike following the decisions taken by Government on the Pay Commission's report; and

(b) if so, the steps taken to meet the demand of the N.G.Os?

**The Minister of Finance (Shri Sachindra Chaudhuri)**: (a) There have been some Press reports to this effect.

(b) The /State Government have examined the demands in the light of the available resources and have offered to sanction one increment to all those N.G.Os who get a benefit of less than Rs. 5/- a month as a result of pay fixation and also to sanction one increment to all those with not less than 15 years of service.

**Profiteering in Land Prices**

5540-B. **Shri Jashvant Mehta**: Will the Minister of **Works, Housing and Urban Development** be pleased to state:

(a) whether Government have taken any decision to bring forward legislation to stop the profiteering in the prices of land surrounding big cities; and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of Works, Housing and Urban Development (Shri Mehr Chand Khanna)**: (a) and (b). The matter is under consideration.

**पत्थर तोड़ सहकारी समिति**

5540-सी. श्री प० ला० बारूपाल :
श्री तुलाराम :
श्री बूटा सिंह :
श्री गुलशन :
श्री मौर्य :
श्री प्रिय गुप्त :
श्री बागड़ी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1962 में निर्माण और आवास मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने गजौरी मार्डन और रामपुरा, नई दिल्ली में सड़क बनाने के लिए पत्थर सप्लाई करने का ठेका भारत सेवक समाज पत्थर तोड़ सहकारी समिति, बेवर पास, दिल्ली को दिया था ।